## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

25.08.2024 समय : 0705

- केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना की घोषणा की।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।
- विशेष ज़िला परामर्श समिति की बैठक में ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा ने बैंकों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और सरकारी योजनाओं को प्राथमिकता देने को कहा।
- मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने मोहनपुर गांव का दौरा किया और समुदाय की चिंताओं का समधान किया।
- वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में अग्रिम स्वचालित पार्किंग प्रणाली शुरू की गई है।

<><><><><><>

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों के लिए युनिफाइड पेंशन स्कीम को स्वीकृति दी है जिसमें निश्चित पेंशन का प्रावधान किया गया है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कल नई दिल्ली में बताया कि इस योजना के अंतर्गत पच्चीस वर्ष तक की सेवा पूरी करने के बाद अंतिम बारह महीनों के मूल वेतन का पचास प्रतिशत पेंशन दिया जाएगा। इसके अलावा योजना में कर्मचारी के निधन के बाद परिवार पेंशन साठ प्रतिशत कर दी गई है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस योजना से लगभग तेईस लाख सरकारी कर्मचारियों को लाभ होगा।

श्री वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और रोजगार नीति के लिए बायो ई–थ्री, जैव प्रौद्योगिकी नीति को स्वीकृति दी गई है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम की यह एक सौ तेरहवीं  कडी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए. आई. आर. मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी प्रसारित किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी प्रदेशिक भाषाओं में भी इसका प्रसारण करेगा।

<><><><><><>

वार्षिक ऋण योजना दो हजार चौबीस और सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं पर बैंकों के प्रदर्शन की समीक्षा के लिए हाल ही में दक्षिण अंडमान ज़िले की जून तिमाही के लिए विशेष ज़िला परामर्श समिति और ज़िला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक पोर्ट ब्लेयर में हुई। ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उन्होंने बैकों से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और महत्वाकांक्षी योजनाओं को ज्यादा प्राथमिकता देने को कहा, ताकि ग्रामीण जनता इन योजनाओं का लाभ उठा सके। उन्होंने बैकों से वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित करने के दौरान साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय धोखाधड़ी जैसे विषयों को भी शामिल करने को कहा। ज़िले की ऋण जमा अनुपात छियासठ दशमलव एक सात प्रतिशत है। ज़िला उपायुक्त ने साठ प्रतिशत से नीचे सी डी अनुपात वाले बैकों को सलाह दी कि वे इसमें सुधार करें। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सिद्धार्थ गुप्ता ने उपस्थिति का स्वागत किया और बैठक की जानकारी दी।

<><><><><><>

मध्योत्तर अंडमान ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा ने हाल ही में मोहनपुर गांव का दौरा किया और समुदाय की चिंताओं का समधान किया। दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और पंचायती राज संस्थाओ के सदस्यों से गांव से संबंधित कई मामलों पर बातचीत की। ग्रामवासियों ने वार्ड नम्बर–छः में पुल का निर्माण करने, सरकारी स्कूल का दर्जा बढ़ाने, पुराने बिजली के खंभों को बदलने और गांव में मनरेगा कार्यों को स्वीकृति देने का अनुरोध किया। पानी की समस्या पर ज़िला उपायुक्त ने गांव में दो तालाब का निर्माण करने का निर्देश दिया। स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए स्कूल की सीमाओं में घेराबंदी करने का भी निर्देश दिया।

<><><><><><>

जन संवाद प्रयासों के तहत दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट ने कोलिनपुर ग्राम पंचायत का दौरा किया। पंचायत की ओर से इस क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज़िला पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र के मछुआरा समुदाय से भी मुलाकात की, जिन्होंने दैनिक कार्य में उनके समक्ष आ रही समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। बाद में श्रीमती निहारिका भट्ट ने ओग्राब्राज पुलिस थाने का निरीक्षण किया और थाने के अधीन विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की। इसका उद्देश्य लोगों की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करना था।

<><><><><><><>

स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत ट्रेंड नर्सेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया की द्वीपसमूह शाखा की ओर से स्कूल लाईन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नर्सिंग ट्यूटर एस. श्रीनिवासन ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के बारे में जानकारी देते हुए मानसिक समस्याओं से निजात पाने के उपायों की जानकारी दी। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए नौ से चौदह वर्ष आयु वर्ग के बालिकाओं से विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा सुझाए गए उपायों के तहत एच.पी.वी.टीका लेने को कहा। नर्सिंग अधिकारी कलावती दत्ता ने मादक पदार्थ और नशाखोरी के दुष्परिणामों की जानकारी दी और इससे छूटकारा पाने के तरीकों के बारे में बताया। कार्यक्रम में नर्सिंग अधिकारी जी पिंकी के अलावा स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका संजीता देबनाथ ने भी अपने विचार रखे।

<><><><><><><>

वीर सावरकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में अग्रिम स्वचालित पार्किंग प्रणाली शुरू की गई है। सेंसर आधारित बूम बैरियर, सी सी टी वी, स्वचालित टिकट से लैस इस प्रणाली से यात्रियों और आगंतुकों को पार्किंग के लिए एक नया अनुभव प्राप्त होगा और इससे मानवीय हस्तक्षेप को कम किया जा सकेगा। हवाई अड्डा निदेशक देवेन्दर यादव ने कहा कि इससे यात्रियों को और वाहन चालकों को भी काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि डी जी यात्रा नामक एक अन्य परियोजना भी शुरू की जाने वाली है और इससे भी हवाई अड्डे के विभिन्न चेक बिन्दुओं पर यात्रियों के आवाजाही को सुगम्य बनाया जा सकेगा। वाहनों और उनकी पार्किंग की अवधि के हिसाब से नई दरें तय की गई है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी हेरोइन ज़ब्त की है, जिसका मूल्य करीब चार करोड़ रूपये है और इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सूचना के आधार पर अपराध और आर्थिक अपराध पुलिस थाने की टीम ने थाना प्रभारी गिरीश कुमार और अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से डॉलीगंज में सुशंकर दास नामक एक व्यक्ति के किराए के घर पर छापा मारा और इसके पास से चार सौ पैंतीस ग्राम हेरोइन ज़ब्त किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने सह–आरोपी स्वदेश नगर के शांतिपुर नम्बर–दस में रहने वाले किरण चन्द्र हलदार और मुख्य आपूर्तिकर्ता किशोर हलदार, जो कर्टबर्ट–बे का निवासी है, इनका नाम लिया। बाद में पुलिस की अन्य टीम एस. आई साज़ी मैथ्यू के नेतृत्व में बिल्लीग्राउंड और कर्टबर्ट–बे गई और टीम ने इनके पास से चार सौ दस ग्राम हेरोइन बरामद किया। अब तक आठ सौ पैंतालीस ग्राम हेरोइन ज़ब्त किया जा चुका है। अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में इसकी कीमत चार करोड़ रूपये है।

<><><><><><><>

विशाखापत्तनम से आ रहे जहाज एम. वी. स्वराजद्वीप के आज सुबह दस बजे तक पोर्ट ब्लेयर पहुंचने की संभावना है। जहाज में पंचानब्बे यात्री सवार है।

उधर, तकनीकी कारणों के चलते एम. वी. कैम्पबेल–बे की आज की पोर्ट ब्लेयर से लिटिल अंडमान की यात्रा को स्थगित किया गया है। यात्रियों से अपने टिकट रद्द करवाकर पैसे वापस लेने को कहा गया है।

<><><><><><><>